## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 03.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री राज्यसभा में भी विपक्ष पर हुए हमलावर, कहा– कुछ लोगों को जनादेश समझ नहीं आ रहा है।
2- हाथरस हादसे में मरने वालों की संख्या 121 तक पहुंची, घटना की जांच के आदेश।
3- राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के विधायकों की बैठक शुरु, बड़े सियासी फैसले के आसार।
4- झारखंड हाईकोर्ट ने संताल परगना में बांगलादेशी घुसपैठियों को चिन्हित कर वापस भेजने के लिए कार्ययोजना तैयार करने का सरकार को दिया निर्देश।
5- मौसम विभाग के अनुसार जून में कमजोर रहा मानसून, राज्य में 55 फीसदी कम हुई बारिश।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राज्यसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दे रहे हैं। लोकसभा की तरह ही राज्यसभा में भी प्रधानमंत्री विपक्ष पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने उन्हें तीसरी बार जनादेश दिया है, जिसे विपक्ष नहीं पचा पा रहा है।

**********************

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 121 हो गई है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने हाथरस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपये और घायलों को पचास–पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

**********************

झारखंड विधानसभा आवास समिति के सभापति ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन की अध्यक्षता में गुमला परिसदन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक के दौरान कई विभागों के कामकाज की समीक्षा की गयी। मौके पर सभापति श्री गॉलस्टेन ने कहा कि यह समिति द्वारा छह जुलाई तक विभिन्न जिलों का दौरा कर विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लेगी।

**********************

बोकारो जिले के अधिवक्ताओं ने नए आपराधिक कानून को सबके हित में बताया है।

**********************

चतरा जिले के विभिन्न पंचायतों में कैंप लगाकर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही किसानो को मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए मडूआ की खेती करने के प्रेरित करने का कार्य भी कृषि विभाग द्वारा किया जा रहा है।

**********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के राजनीतिक हालात पर चर्चा के लिए आज इंडिया ब्लॉक के विधायक दल की अहम बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री आवास पर बैठक शुरु हो गयी है। वैसे तो बैठक का एजेंडा विधानसभा चुनाव बताया गया है लेकिन बैठक में राज्य नेतृत्व में संभावित बदलावों पर भी चर्चा हो सकती है। ऐसी अटकलें हैं कि विधायक हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के रूप में बहाल करने का प्रस्ताव रख सकते हैं। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर और झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद हैं।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

**********************

संताल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले पर आज झारखंड उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद एवं न्यायमूर्ति अरुण कुमार राय की खंडपीठ में सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार को संताल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें वापस भेजने के लिए कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि अदालत ने राज्य सरकार को शपथ पत्र के माध्यम से दो सप्ताह के भीतर स्टेटस रिपोर्ट दायर करने का भी निर्देश दिया।

**********************

चतरा जिले के हंटरगंज स्थित प्रसिद्ध कौलेश्वरी मंदिर के विकास पर 65 करोड़ रुपए खर्च किए जायेंगे। पर्यटन विकास विभाग ने मंदिर के विकास के लिए बनाए गए मास्टर प्लान को अपनी सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। जिले के उपायुक्त रमेश घोलप ने मास्टर प्लान की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें मंदिर क्षेत्र के अलावा कौकेश्वरी पहाड़ को भी एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना है। इधर वन विभाग द्वारा कौलेश्वरी मंदिर की तलहटी हटवरिया में अरोग्य वन पार्क का निर्माण अपने अंतिम चरण में है। उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा ने पार्क का निरीक्षण करते हुए कहा कि अरोग्य वन पार्क को जल्द ही आम लोगों के लिए खोल दिया जायेगा।

**********************

देवघर स्थित बाबा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आसपास के इलाकों को अतिक्रमण मुक्त करने की पहल नगर निगम द्वारा की जा रही है। इस कड़ी में नगर निगम ने बाबा मंदिर के आसपास सहित शिवगंगा गली, मानसरोवर गली, वीआइपी गली के दुकानदारों को अपनी–अपनी दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी दी है।

**********************

जमशेदपुर के केबल टाउन स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से शुरू हो रहा है। यह जानकारी श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर जीर्णोधार समिति के संयोजक विधायक सरयू राय ने संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण, मां काली, शिव परिवार, गणपति देव और बजरंगबली की प्रतिमाएं आ गई हैं। 7 जुलाई को सभी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

**********************

दक्षिण पश्चिम मॉनसून देश के सभी हिस्सों में पहुंच गया है। झारखंड में भी मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। मौसम विभाग ने रांची समेत पूरे राज्य में अगले दो दिनों तक झमाझम बारिश होने की संभावना जतायी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि जून महीने में मानसून की स्थिति बेहतर नहीं रही है। इस दौरान राज्य में औसत से 55 प्रतिशत वर्षा कम हुई है।

**********************

गोड्डा जिले में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। पिछले 24 घंटे में यहां 40 मिलीमीटर से अधिक बारिश रिकार्ड की गई है। मानसून की सक्रियता से किसान बेहद खुश हैं और वे खेती–किसानी में जुट गये हैं। जिले के

मेहरमा, महागामा और बसंतराय में धान की बहुत अच्छी खेती होती है। इन क्षेत्रों में किसानों के धान के बिजड़े लहलहा रहे हैं। मेहरमा प्रखंड के कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिन स्थानों पर धान के बीज नहीं लगे हैं वहां भी अब बीज बोए जा रहे हैं। इधर गोड्डा सदर और कई अन्य प्रखंडों में जल जमाव की स्थिति से लोग परेशान भी है।

*********समाप्त**************